हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
10 अगस्त 2024, समय 1810

- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने बैंकों में कोर बैंकिंग पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया।
- हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने समूह घ के 3 हज़ार , 770 पदों और TGT पंजाबी के 104 पदों का परिणाम घोषित किया ।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने गुरुग्राम जिले के पटौदी विधानसभा क्षेत्र में लगभग 184 करोड़ रुपये की 87 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।
- आज पीजीआई चंडीगढ़ में 37 वें दीक्षांत समारोह में मुख्य न्यायाधीस D.Y चंद्रचूड़ ने छात्र चिकित्सकों को पदक व् डिग्रीयां प्रदान कीं।

*******************************************************************

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने बैंकों में कोर बैंकिंग पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया है। आज नई दिल्ली में रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की बैठक को संबोधित करते हुए वित्तमंत्री ने बैंकों से जमा और उधारी राशि से संबंधित प्रमुख कार्यों को प्राथमिकता देने को कहा।बैठक में उपस्थित रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि बैंक ब्याज दरों पर फैसला लेने के लिए स्वतंत्र है। उन्होंने कहा कि जमा और उधारी पर ब्याज दर विनियमित होते रहते हैं।वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार बैंकिंग नियम संशोधन ला रही है जिसका लंबे समय से इंतजार था। उन्होंने कहा कि संशोधनों में सहकारी बैंकिंग क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण पुनर्गठन संशोधन शामिल हैं। श्रीमती सीतारामन ने इस बात पर जोर दिया कि नामांकन प्रावधानों की शुरूआत एक ग्राहक-अनुकूल कदम है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि ग्राहकों के पास व्यक्तियों को नामांकित करने का विकल्प है और नामांकित व्यक्ति आसानी से अपने उचित अधिकारों का दावा कर सकते हैं। वित्तमंत्री ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण संशोधनों में डेटा रिपोर्टिंग संशोधन भी शामिल है।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने समूह घ के 3770 पदों और टी जी टी पंजाबी के 104 पदों के लिए परिणाम घोषित कर दिया है । मुख्यमन्त्री नायब सिंह सैनी ने इस बारे में एक्स पर एक पोस्ट में कहा है कि भर्ती रोको गैंग की तमाम कोशिशों और बाधाओं को पार करते हुए 'हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग' का मेरिट पर युवाओं को रोजगार देने का सिलसिला अनवरत जारी है।

मुख्यमन्त्री ने कहा कि हरियाणा सरकार पारदर्शिता के साथ मेरिट पर सरकारी नौकरियां में भर्ती यूं ही करती रहेगी।

नौकरी पाने वाले एक युवा के अभिभावक ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में पारदर्शिता से नौकरी दिए जाने की प्रशंसा की ।

........................................................................................................

उधेर हरियाणा कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि आयोग ने समूह घ के 3200 पदों व टी जी टी पंजाबी के 104 पदों का परिणाम घोषित किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा माना जाने वाले जिले नूंह में भी 640 टी जी टी को नियुक्ति दी गई है। श्री हिम्मत सिंह ने कहा है कि आयोग द्वारा प्राथमिक शिक्षकों के 1456 पदों का विज्ञापन भी जारी किया गया है। इन पदों के लिए 21 अगस्त तक आयोग की वेबसाइट पर आवेदन मांगे गए हैं।

........................................................................................................

........................................................................................................

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज जिला गुरुग्राम में पटौदी विधानसभा क्षेत्र में लगभग 184 करोड़ रुपये की 87 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इसके अलावा उन्होंने पटौदी हलके के विकास कार्यों के लिए 10 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। साथ ही, गांव ताजपुरनगर, गुरुग्राम में जमीन उपलब्ध होने पर पशु चिकित्सा क्लिनिक एवं पशु ट्रॉमा सेंटर खोलने की भी घोषणा की। इस पर लगभग एक करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके अलावा उन्होंने, गांव माजरी में साढ़े तीन करोड़ रुपये की लागत से पोलिटेक्निक कॉलेज खोलने, पटौदी-फरूखनगर जोन को लो पोटेंशियल जोन से मीडियम पोटेंशियल जोन घोषित करने तथा लोक निर्माण विभाग की सड़कों के सुधारीकरण के लिए अढ़ाई करोड़ रुपये देने की घोषणा की।इसके इलावा मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में बिजली की समस्या का निराकरण करते हुए गांव सिवाड़ी, गांव जसात व दौलताबाद में 20 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से 33-33 किलो वॉल्ट के बिजली घर बनाने और मानेसर में 76 करोड़ रुपये की लागत से नगर निगम के नये भवन के निर्माण की भी घोषणा की।श्री नायब सिंह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार लोगों की समस्याओं का तत्परता से समाधान करने का काम कर रही है। लोगों के हित में सरकार नए नए फैसले लेकर उनके जीवन को सरल करने का काम कर रही है। पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने भारत की तस्वीर बदलने का काम किया है, वहीं डबल इंजन की सरकार ने हरियाणा की तस्वीर बदलने का काम किया है।

........................................................................................................

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो आज हमसे हिसाब मांगते हैं, उन्होंने तो स्वामीनाथन रिपोर्ट पर कुछ नहीं किया था।इस अवसर पर खेल राज्य मंत्री संजय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र व हरियाणा की सरकार खिलाड़ियों के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने वाले हरियाणा के खिलाड़ियों के लिए 17 अगस्त को सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

**************************************************************************

आज पीजीआई चंडीगढ़ के 37 वें दीक्षांत समारोह में भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति D.Y चंद्रचूड़ ने P.H.D एवं सनातकोतर की पढाई पूरी करने वाले चिकित्सकों को पदक और डिग्रीयां प्रदान की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि G.D पूरी PGI के निदेशक प्रो विवेक लाल व् डीन अकादमिक प्रो R.K राधे मौजूद रहे । दीक्षांत समारोह में कुल 508 छात्रों को डिग्री प्रदान की गयी, जबकि 80 मेधावी चिकित्सकों को 15 स्वर्ण 32 रजत और 33 कांस्य पदक प्रदान किये गए ।मुख्य न्यायाधीश के अलावा विशिष्ट अतिथि प्रो G.D पुरी द्वारा भी छात्रों को डिग्रीयां प्रदान की गई समारोह के बाद पत्रकारों का सवालों का जवाब दते हुए भारत के न्यायाधीश डॉ० चंद्रचूड़ ने कहा कि,लोगों की चिकित्सा संस्थानों और न्यायिक व्यवस्था में आस्था बढ़ी है ।इसलिए न्यायिक प्रणाली में भी सरंचना के विकास की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि शीध्र न्याय मिलना सुनिश्चित करने के लिए हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा लोक अदालत का आयोजन किया गया है छुटियों में भी सर्वोच्च न्यायालय की 21 पीठों ने काम किया और 4000 के करीब मामले सुने। न्यायाधीशों की कमी पर डॉ० चंद्रचूड़ ने कहा कि निचली अदालतों में न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में है उन्होंने कहा कि मेघा के उपयोग से सभी फैसलों का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद किया जा रहा है ताकि आम लोग लाभाविन्त हो सकें।

हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश आर्थिक तरक्की की ओर आगे बढ़ रहा है। जल्दी ही हम दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनने जा रहे हैं। उन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंट से भी भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अपना योगदान देने का आह्वान किया।राज्यपाल आज गुरुग्राम विश्वविद्यालय के सभागार में द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की दो दिवसीय कार्यशाला परचम के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि एक चार्टर्ड अकाउंटेंट ही व्यापारी को सही रास्ता दिखाता है, जिससे उसकी विश्वसनीयता सुदृढ़ होती है। उन्होंने कहा कि हमें देश और प्रदेश से भ्रष्टाचार को समाप्त करना है, तभी हम उन्नति की ओर बढ़ सकते हैं। हमारे देश

का कर संग्रह जितना ज्यादा होगा, नागरिकों की भलाई के लिए उतने ही अधिक कार्य किए जा सकेंगे।